अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027-28 में प्रवेश हेतु मानक संचालन प्रक्रिया का विवरण

उत्तर प्रदेश के 18 राजस्व मण्डलों में उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (UPBOCW बोर्ड) के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों व कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चें (महिला कल्याण विभाग, लखनऊ से प्राप्त सूची के आधार पर) तथा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना (सामान्य) के लिए पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़े जाने हेतु उनके बौद्धिक व शारीरिक विकास के दृष्टिगत माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में श्रम विभाग के अधीन 1000 बच्चों की आवासीय क्षमता के अटल आवासीय विद्यालयों का प्रथम शैक्षणिक सत्र 2023-24 से प्रारम्भ किया गया है। इन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2027-2028 में कक्षा-06 एवं 09 में प्रवेश लिया जाना है।

UPBOCW बोर्ड द्वारा अटल आवासीय विद्यालयों के संचालन की गुणवत्ता के दृष्टिगत "अटल आवासीय विद्यालय समिति" का गठन किया गया है।

प्रत्येक अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027-2028 में कक्षा 06 एवं कक्षा 09 में चयन परीक्षा के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर अधिकतम कक्षा 06 में 140 और कक्षा 09 में विद्यालयों में रिक्त सीटों के अनुसार उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाना है, जिसमें छात्र-छात्राओं का अनुपात 50:50 होगा।

अटल आवासीय विद्यालयों हेतु छात्रों की चयन प्रक्रिया का संचालन मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति के द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से सम्पन्न किया जायेगा।

अटल आवासीय विद्यालयों के सुचारु रूप से संचालन/अनुश्रवण हेतु शासनादेश संख्या-2113704/2022/श्रम-2 दिनांक 30.05.2022, संशोधित शासनादेश संख्या-2252886(1)/2022/श्रम-02 दिनांक 07.12.2022 एवं संशोधित शासनादेश संख्या-I/415432/2023 दिनांक 27.10.2023 द्वारा विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है-

1. राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति

1	मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन	अध्यक्ष
2	प्रमुख सचिव (श्रम)	सदस्य सचिव
3	सचिव, उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड	सदस्य
4	प्रमुख सचिव (माध्यमिक शिक्षा)	सदस्य
5	श्रमायुक्त, उ0प्र0	सदस्य

2. मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति

1	मण्डलायुक्त	अध्यक्ष
2	जिलाधिकारी सम्बन्धित जनपद	सदस्य
3	अपर/उप श्रमायुक्त सम्बन्धित मण्डल	सदस्य
4	जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्बन्धित जनपद	सदस्य
5	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सम्बन्धित जनपद	सदस्य
6	प्रधानाचार्य, सम्बन्धित विद्यालय	सदस्य सचिव

Scanned with OKEN Scanner

7	संयुक्त निदेशक, शिक्षा विभाग के सम्बन्धित मण्डल	सदस्य
8	नवोदय विद्यालय/राजकीय इण्टर कॉलेज व राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य	मनोनित सदस्य
9	10 वर्ष का विशिष्ट अनुभव/परास्नातक सहित शिक्षाविदों तथा राजकीय इण्टर कॉलेज व राजकीय बालिका इण्टर व राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य	मनोनित सदस्य
10	डिप्टी कमीशनर, नवोदय विद्यालय द्वारा नामित प्रधानाचार्य, नवोदय विद्यालय (सम्बन्धित मण्डल)	सदस्य
11	भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक (कर्मकार) प्रतिनिधि (सम्बन्धित मण्डल के मण्डलायुक्त द्वारा नामित)	सदस्य

3. जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक विद्यालय की वित्तीय अनुश्रवण समिति

1	जिलाधिकारी, सम्बन्धित जनपद	अध्यक्ष
2	अपर/उप श्रमायुक्त	सदस्य
3	ए0सी0एफ0/वरिष्ठ कोषाधिकारी	सदस्य
4	जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्बन्धित जनपद	सदस्य
5	प्रधानाचार्य, सम्बन्धित विद्यालय	सदस्य सचिव

अटल आवासीय विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है, जिसमें मुख्य रूप से छात्रों की पात्रता, मंडलवार सीटों का आवंटन, प्रश्न पत्र का प्रारूप, परीक्षा कराना, परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं प्रवेश सम्बंधित कार्यवाही इत्यादि सम्मलित किया गया है।

आवेदन करने हेतु समस्त उम्मीदवारों के लिये पात्रता-

अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार का जन्म 01.05.2015 से पहले और 31.07.2017 (जिनमे उक्त तिथियां सम्मिलित हैं) के बाद नहीं होना चाहिए एवं कक्षा 9 के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार का जन्म 01.05.2012 से पहले और 31.07.2014 (जिनमे उक्त तिथियां सम्मिलित हैं) के बाद नहीं होना चाहिए यह अनुसूचित जाति (एस.सी.), अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी) सहित सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों पर लागू होगा।

- कक्षा 6 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 2026-27 में कक्षा 5 में अध्यनरत अथवा उक्त शैक्षणिक सत्र में कक्षा 5 उत्तीर्ण होना चाहिए तथा कक्षा 9 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 2026-27 में कक्षा 8 में अध्यनरत अथवा उक्त शैक्षणिक सत्र में कक्षा 8 उत्तीर्ण होना चाहिए।

श्रमिक के बच्चों के लिए: ऐसे अद्यतनीकृत रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरान्त **दिनांक 30.10.2026 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों**, उनके प्रति परिवार अधिकतम **02 बच्चे** पात्र होंगे।

राज्याश्रित बच्चों के लिए:- राज्याश्रित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु ऐसे पात्र बच्चे कक्षा 6 के लिए जिनकी

Scanned with OKEN Scanner

जन्म तिथि 01.05.2015 से पहले और 31.07.2017 (जिनमे उक्त तिथियां सम्मिलित है) के बाद नहीं होना चाहिए एवं कक्षा 9 के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार का जन्म 01.05.2012 से पहले और 31.07.2014 (जिनमे उक्त तिथियां सम्मिलित है) के बाद नहीं होना चाहिए।

सीटों का आरक्षण:- कुल सीटों के स्थानों में 27% अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), 21% अनुसूचित जाति (SC) एवं 02% अनुसूचित जनजाति (ST) के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण का प्राविधान है।

- बालक और बालिकाओं के कुल सीटों का अनुपात 50:50 होगा।
- राज्य के मानदंडों के अनुसार "दिव्यांग बच्चों (अर्थात शारीरिक विकलांगता, श्रवण बाधित और दृष्टि बाधित)" के लिये आरक्षण का प्रावधान है।
- अनुसूचित जनजाति (ST) के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या संख्या में उपलब्ध न होने की स्थिति में रिक्त सीटों को राज्य सरकार के निर्धारित मानदंडों के अनुसार भरा जाएगा।

(A) प्रवेश परीक्षा से पूर्व किये जाने वाले कार्य-

- मण्डल स्तर पर गठित मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत कर परीक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर निर्णय लेते हुये अधिकारियों की ड्यूटी लगाया जाना एवं उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जाना।
- प्रवेश प्रक्रिया को समय से सम्पादित करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा जनपद केC.D.O. अथवा A.D.M.को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया जायेगा।
- परीक्षार्थियों के प्रवेश परीक्षा हेतु न्यूनतम 400 परीक्षार्थियों की क्षमता वाले परीक्षा केन्द्रों को निर्धारित किया जाना।
- आवेदन हेतु प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 20 नवम्बर 2026 को सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा कम से कम 02 समाचार-पत्रों में जारी किया जाना।
- आवेदन 20 नवम्बर 2026 से 05 जनवरी 2027 तक स्वीकार किये जायेंगे।
- गोपनीय परीक्षा सामग्री परीक्षा केन्द्रों पर समय से उपलब्ध करायी जायेगी।
- समस्त प्रवेश आवेदन ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएँगे। उम्मीदवार आवेदन UPBOCW बोर्ड (upbocw.in) की वेबसाइट के माध्यम से कर सकेंगे।
- पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा निर्धारित तिथि से पूर्व श्रम कार्यालयों/जनपद स्तर पर लिये गये निर्णय के क्रम में चिन्हित कार्यालयों/स्थलों पर जमा कराये जायेंगे।
- भरे गए आवेदन पत्र की श्रमिकों की पात्रता के अनुसार जांच एवं छंटनी उपश्रमायुक्त कार्यालय के माध्यम से एवं राज्याश्रित बच्चों के आवेदन पत्रों की जाँच एवं छटनी जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल ऑफिसर के माध्यम से 06 जनवरी 2027 से 20 जनवरी 2027 तक किये जाने के उपरांत BIODATA दो प्रतियों में तैयार कर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति को उपलब्ध कराया जाना।
- नोडल ऑफिसर से प्राप्त रिपोर्ट जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण के उपरांत मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति को अवलोकन एवं संस्तुति हेतु प्रेषित की जायेगा एवं अनुमति के आधार पर प्रवेश-

Scanned with OKEN Scanner

पत्र (Admit Card) भी दिनांक 20 जनवरी 2027 से 25 जनवरी 2027 के मध्य ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से दिए जाएँगे। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी के प्रवेश-पत्र की जाँच एवं मिलान के उपरांत ही प्रवेश परीक्षा में बैठने दिया जाएगा।

- मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा प्रवेश परीक्षा 31 जनवरी 2027 (रविवार) को सम्पन्न की जायेगी, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच एवं परीक्षा परिणाम 1 फरवरी 2027 से 15 फरवरी 2027 तक तैयार किया जायेगा। जिसके क्रम में पूरे प्रदेश में एक ही दिन दिनांक 25 फरवरी 2027 को परीक्षा परिणाम जारी किया जायेगा तथा काउन्सलिंग/ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया 10 मार्च से 25 मार्च 2027 तक पूर्ण किया जाएगा। उक्त प्रस्तावों की तिथियों पर किसी प्रकार के अवकाश होने पर अगले कार्यदिवस पर सम्बन्धित कार्यवाही पूर्ण किया जाएगा।
- प्राप्त आवेदनों का इलेक्ट्रिानिक माध्यम से डाटा संकलित एवं सूचीबद्ध करते हुये अभ्यर्थी का प्रवेश परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जाएगा।
- प्रवेश परीक्षा से कम से कम 01 सप्ताह पूर्व अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया जाएगा।
- उक्त कार्यों हेतु प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
- प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न–पत्र प्रत्येक मण्डल पर मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा तैयार कराया जाएगा ।
- प्रश्न पत्र प्रणाली संलग्नक-03 के अनुसार होगी।
- प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों की समस्त व्यवस्था एवं कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाया जाना।

(B) प्रवेश परीक्षा के दिन किये जाने वाले कार्य-

- प्रवेश परीक्षा के दिन नोडल अधिकारी की देख-रेख में सभी परीक्षा केंद्रों पर समस्त बंदोबस्त किया जायेगा।
- सभी परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय पर प्रश्न-पत्र केन्द्र व्यवस्थापक को उपलब्ध कराया जायेगा।
- प्रवेश परीक्षा के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन कर निर्धारित केन्द्र पर जमा किया जायेगा।
- परीक्षा केंद्र पर उपस्थित एवं अनुपस्थित अभ्यर्थियों का विवरण दर्ज किया जाएगा।

(C) प्रवेश परीक्षा के उपरांत किये जाने वाले कार्य-

- उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के उपरान्त रिजल्ट तैयार किया जायेगा।
- प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा।
- प्रवेश के लिए अनंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों के माता-पिता को सत्यापन के लिए प्रवेश के समय निम्नलिखित दस्तावेज जमा करने होंगे:-
  1. जन्म तिथि के लिए जन्म-प्रमाण-पत्र।
  2. निर्धारित नियमों के अनुसार पात्रता के प्रमाण-पत्र।
  3. आरक्षित श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए जाति प्रमाण-पत्र।

Scanned with OKEN Scanner

प्रवेश परीक्षा के परिणाम की घोषणा-

परीक्षा परिणाम के आधार पर संलग्न विवरण के अनुसार उपलब्ध सीटों पर प्रति विद्यालय कक्षा 06 एवं कक्षा 09 में चयन परीक्षा के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर अधिकतम कक्षा 06 में 140 और कक्षा 09 में विद्यालयों में रिक्त सीटों के अनुसार किया जाना एवं चयनित छात्रों की सूची विभिन्न कार्यालयों (सम्बंधित अटल आवासीय विद्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सम्बंधित उपश्रमायुक्त कार्यालय, अटल आवासीय विद्यालय समिति, मुख्यालय) में उपलब्ध कराते हुये अटल आवासीय विद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जायेगा।

नोट: चयनित छात्रों की सूची के साथ पर्याप्त मात्रा में प्रतीक्षा सूची भी विद्यालय स्तर पर रखा जायेगा।

प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रों की काउन्सलिंग के सम्बंध में निर्देश-प्रधानाचार्य विद्यालय स्तर पर प्रवेश समिति गठित कर 02 सप्ताह के अंदर छात्रों को प्रवेशित करेंगे।

चयनित छात्रों के अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश से सम्बंधित निर्देश- प्रधानचार्य द्वारा काउन्सलिंग के उपरांत योग्य छात्रों को अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेशित करते हुए समस्त आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराया जाना।

प्रवेशित/अप्रवेशित छात्रों की अंतिम सूची (कारण सहित)-प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय द्वारा अंतिम सूची तैयार कर सम्बंधित मंडलायुक्त कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सम्बन्धित उपश्रमायुक्त कार्यालय, अटल आवासीय विद्यालय समिति, मुख्यालय लखनऊ में उपलब्ध कराते हुये एवं अटल आवासीय विद्यालय की साइट पर भी अपलोड की कराया जाना।

एस0ओ0पी0 में वर्णित कार्य हेतु वित्तीय प्राविधान-एस0ओ0पी0 में उल्लिखित कार्य हेतु प्रत्येक जनपद को रू0 1,00,000/- (रू0 पचास हजार मात्र) एवं मण्डलीय जनपद जहां पर प्रवेश परीक्षा आयोजित करायी जानी है को रू0 3,00,000/- (रू0 एक लाख मात्र) की धनराशि का वित्तीय प्राविधान किया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

संलग्नक-1

(आवेदन पत्र का प्रारूप)

अटल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा 2027

आवेदन पत्र कक्षा 06/कक्षा 09

आवेदन पत्र जमा करने की तिथि.....

उम्मीदवार का पासपोर्ट साइज फोटो

निम्नलिखित जानकारी सही-सही भरें-

1. छात्र का नाम (आवेदक).....
2. अटल आवासीय विद्यालय के मण्डल का नाम जिसके लिए आवेदन करने का इच्छुक है.....
   .....
3. (क) उम्मीदवार का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में.....
   (ख) पिता का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में.....
   (ग) माता का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में.....
   (घ) अभिभावक का नाम और संबंध, यदि कोई हो.....
4. (क) उम्मीदवार की जन्मतिथि अंकों में-

D	D	M	M	Y	Y	Y	Y

   (ख) उम्मीदवार की जन्मतिथि शब्दों में.....

5. (क) उम्मीदवार का वर्ग चिन्हित करें

श्रमिक	अनाथ

(ख) उम्मीदवार का लिंग (1/2/3) चिन्हित करें। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र के अनुसार (5/6/7) चिन्हित करें तथा अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार (4) में चिन्हित करें-

लड़का	लड़की	ट्रांसजेण्डर	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग
1	2	3	4	5	6	7

Scanned with OKEN Scanner

संलग्नक-1

(आवेदन पत्र का प्रारूप)

अटल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा 2027

आवेदन पत्र कक्षा 06/कक्षा 09

आवेदन पत्र जमा करने की तिथि.....

उम्मीदवार का पासपोर्ट साइज फोटो

निम्नलिखित जानकारी सही-सही भरें-

1. छात्र का नाम (आवेदक).....
2. अटल आवासीय विद्यालय के मण्डल का नाम जिसके लिए आवेदन करने का इच्छुक है.....
   .....
3. (क) उम्मीदवार का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में.....
   (ख) पिता का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में.....
   (ग) माता का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में.....
   (घ) अभिभावक का नाम और संबंध, यदि कोई हो.....
4. (क) उम्मीदवार की जन्मतिथि अंकों में-

D	D	M	M	Y	Y	Y	Y

   (ख) उम्मीदवार की जन्मतिथि शब्दों में.....

5. (क) उम्मीदवार का वर्ग चिन्हित करें

श्रमिक	अनाथ

(ख) उम्मीदवार का लिंग (1/2/3) चिन्हित करें। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र के अनुसार (5/6/7) चिन्हित करें तथा अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार (4) में चिन्हित करें-

लड़का	लड़की	ट्रांसजेण्डर	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग
1	2	3	4	5	6	7

Scanned with OKEN Scanner

(ग) विकलांगता की प्रकृति यदि कोई हो कृपया चिन्हित करें-

अस्थि विकलांगता	दृष्टि बाधित	श्रवण बाधित

(घ) उम्मीदवार का पहचान चिन्ह.....

6. (क) राष्ट्रीयता.....

   (ख) धर्म.....

7. (क) वर्तमान डाक का पता.....

   आवास संख्या..... मोहल्ला/ग्राम का नाम.....

   ब्लॉक का नाम..... थाना का नाम.....

   पोस्ट ऑफिस..... पिन कोड.....

   मण्डल का नाम .....

   (ख) मो०नं०..... ई मेल.....

8. श्रमिक श्रेणी में आवेदन हेतु सूचना-

   (क) श्रमिक (आवेदक के पिता/माता) का पंजीयन संख्या.....

   (ख) पंजीयन तिथि.....

   (ग) फ़ैमिली आई0डी0 .....

9. कक्षा 06 में नामांकन हेतु-

   उम्मीदवार के विद्यालय का विवरण जहाँ वह पढ़ रहा है।

   (क) विद्यालय का नाम.....

   (ख) ब्लॉक का नाम..... जनपद का नाम.....

   (ग) कक्षा जिसमें वर्तमान में पढ़ रहा है में प्रवेश की तिथि एवं वर्ष.....

   (घ) कक्षा 05 उत्तीर्ण होने की तिथि और वर्ष.....कक्षा 06 में प्रवेश हेतु।

   (ङ) स्थायी शिक्षा संख्या (Permanent Education Number).....

10. कक्षा 09 में नामांकन हेतु-

    उम्मीदवार के विद्यालय का विवरण जहाँ वह पढ़ रहा है।

    (क) विद्यालय का नाम.....

    (ख) ब्लॉक का नाम..... जनपद का नाम.....

    (घ) कक्षा जिसमें वर्तमान में पढ़ रहा है में प्रवेश की तिथि एवं वर्ष.....

    (ङ) कक्षा 08 उत्तीर्ण होने की तिथि और वर्ष.....कक्षा 09 में प्रवेश हेतु।

    (च) स्थायी शिक्षा संख्या (Permanent Education Number).....

11. परीक्षा का माध्यम (चिन्हित करे) हिन्दी ☐ अंग्रेजी ☐

12. आवेदक/उम्मीदवार का हस्ताक्षर .....

13. माता/पिता/अभिभावक का घोषणा-

Scanned with OKEN Scanner

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि जिस स्कूल में मेरा बच्चा/पाल्य ने अध्ययन किया है/कर रहा है। वह एक मान्यता प्राप्त स्कूल है और आवश्यकताओं के अनुसार सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। यदि मेरे द्वारा प्रदान की गयी कोई जानकारी गलत पायी जाती है, तो अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के बाद भी मेरे बच्चे/पाल्य की उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर रद्द कर दी जायेगी। मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि भविष्य में मेरे द्वारा उपरोक्त डाटा/सूचना में कोई बदलाव का अनुरोध नही किया जायेगा।

माता/पिता के हस्ताक्षर.....

अभिभावक यदि कोई है, तो के हस्ताक्षर.....

प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित
हस्ताक्षर एवं मोहर

पावती

उम्मीदवार/आवेदक का नाम.....

पिता/अभिभावक का नाम.....

आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि.....

प्राप्तकर्ता का नाम व हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

संलग्नक-2

तालिका 1 आरक्षण के अनुसार कक्षा-06 हेतु सीटों का वितरण मंडल स्तर पर

क्रमांक	मण्डल का नाम	मण्डल कोड जनपद / कोड	प्रत्येक मंडल वार Seat वितरण (बालक)					प्रत्येक मंडल वार Seat वितरण (बालिका)					कुल सीट AAV
			कुल	UR	OBC	SC	ST	कुल	UR	OBC	SC	ST	
1	सहारनपुर	1	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
2	मुरादाबाद	2	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
3	मेरठ	3	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
4	अलीगढ	4	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
5	आगरा	5	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
6	बरेली	6	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
7	लखनऊ	7	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
8	कानपुर	8	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
9	झाँसी	9	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
10	चित्रकूट धाम बांदा	10	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
11	प्रयागराज	11	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
12	अयोध्या	12	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
13	देवीपाटन	13	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
14	बस्ती	14	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
15	गोरखपुर	15	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
16	आजमगढ	16	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140

Scanned with OKEN Scanner

17	वाराणसी	17	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
18	मिर्जापुर	18	70	37	18	14	1	70	37	18	14	1	140
	कुल		1260	666	324	252	18	1260	666	324	252	18	2,520

संलग्नक-3

(प्रश्न पत्र प्रणाली)

चयन परीक्षा दो घंटे की अवधि के लिए सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगी और कक्षा 06 हेतु प्रश्न पत्र प्रणाली तालिका 01 के अनुसार एवं कक्षा 09 हेतु प्रश्न पत्र प्रणाली तालिका 02 के अनुसार होगी।

तालिका 01 कक्षा 06 हेतु प्रश्न सत्र तैयार करने के सम्बन्ध में।

टेस्ट का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	समय
मानसिक क्षमता परीक्षण	40	50	60 मिनट
अंकगणित परीक्षण	20	25	30 मिनट
भाषा परीक्षण	20	25	30 मिनट
योग	**80**	**100**	**2 घण्टे**

तालिका 02 कक्षा 09 हेतु प्रश्न सत्र तैयार करने के सम्बन्ध में।

क्र0सं0	टेस्ट का प्रकार	अंक	समय
1	अंग्रेजी	15	20 मिनट
2	हिन्दी	15	20 मिनट
3	गणित	35	40 मिनट
4	विज्ञान	35	40 मिनट
	कुल	**100**	**2 घण्टे**

- प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रश्न पत्रों के खण्डों के अनुरूप एक एकल परीक्षा पुस्तिका दी जाएगी। दिव्यांग छात्रों के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
- अटल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में आयोजित की जायेगी।
- उम्मीदवार को द्विभाषीय (Hindi/English) टेस्ट बुकलेट दी जाएगी जिसका उसने आवेदन पत्र में उल्लेख किया है।

Scanned with OKEN Scanner

(प्रवेश पत्र प्रारूप)

अटल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा-2027

प्रवेश-पत्र कक्षा 06/कक्षा 09

उम्मीदवार का नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो

उम्मीदवार का रोल नं0.....

उम्मीदवार का नाम.....

उम्मीदवार के माता/पिता/अभिभावक का नाम.....

उम्मीदवार की जन्म तिथि.....

उम्मीदवार का वर्ग (श्रमिक/अनाथ).....

उम्मीदवार की श्रेणी -

I. अनारक्षित ☐
II. अनुसूचित जाति ☐
III. अनुसूचित जनजाति ☐
IV. अन्य पिछड़ा वर्ग ☐

उम्मीदवार का लिंग –

I. लड़का ☐
II. लड़की ☐
III. ट्रांसजेण्डर ☐

विकलांगता की प्रकृति यदि कोई हो-

I. शारीरिक विकलांगता ☐
II. दृष्टि बाधित ☐
III. श्रवण बाधित ☐

पहचान चिन्ह.....

मोबाइल नं0.....ई-मेल.....

परीक्षा की तिथि.....

परीक्षा केन्द्र का नाम/पता.....

आवेदक का हस्ताक्षर

प्रवेश पत्र जारी करने वाले अधिकारी का हस्ताक्षर/नाम व मोहर

Scanned with OKEN Scanner

अटल आवासीय विद्यालय

पिपरा, सहजनवाँ, गोरखपुर, पिन न. 273209

ई-मेल-atalavgorakhpur@gmail.com

CBSE Affiliation Number-2120163

(अटल आवासीय विद्यालय, सहजनवाँ, गोरखपुर में प्रवेश परीक्षा–2027 हेतु जनपद–गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर एवं देवरिया के आवेदक पात्र होंगे)

विज्ञप्ति

राज्य द्वारा सूचित किया जाता है कि [illegible] एवं अन्य स्थानीकरण अधिनियम समायोजन बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, पाव-पिपरा, सहजनवाँ, गोरखपुर में गोरखपुर मण्डल जनपद- गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज के लिए कक्षा एवं अन्य स्थानीकरण समायोजन बोर्ड के अन्तर्गत पहाड़ीपुर स्थित परिसरों में संचालित [illegible] के संचालन हेतु [illegible] के लिये कक्षा-6 में उपलब्ध कुल 140 सीट (जो सामान्य एवं सभी श्रेणियों) व कक्षा-9 में उपलब्ध रिक्त 04 सीट (02 सामान्य एवं 02 महिलाओं) के अनुसार (प्रवेशन में 04 सीट रिक्त) पर अटल आवासीय विद्यालय गोरखपुर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र किसी भी साइबर कैफे/निजी से प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक दिनांक–20.11.2026 से 05.01.2027 तक सम्पादित जनपद के अन्य आवासीय/जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय/बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय/जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय/ब्लॉकस्तरों पर जमा/संचालित अटल आवासीय विद्यालय, सहजनवाँ एवं अन्य जिला अधिकारी कार्यालयों से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। भरित कोरी के आवेदन पूर्ण नहीं हुये ऑफलाइन आवेदन पत्र समस्त भरित अभिलेखों एवं तीन अभिलेख कोरी के साथ दिनांक–05.01.2027 की सायं 05:00 बजे तक गोरखपुर मण्डल के सम्पादित जनपद के सभी जिला कार्यालयों में जमा कराये जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने एवं सम्पादित कार्यालय कालावधि बोर्ड (UPSOLW बोर्ड) के वेबसाइट upbsocw.in के माध्यम से ऑनलाइन दिनांक–05.01.2027 तक किये जा सकेंगे।

आवेदित बच्ची, जिसकी ऑनलाइन आवेदन में निर्धारित हुये सभी अर्हताओं आयाम दिनांक, आवश्यक से प्राप्त सूची के आधार पर) तथा पुरानवासी वार्षिक सेवा योजना (सामान्य) के पात्र बच्चे, सम्बन्धित उपनगर के जिला प्रोबेशन कार्यालय में दिनांक 09.01.2027 तक ऑफलाइन आवेदन जमा करेंगे।

क्रमांक	पात्रता	विशेषताएँ
01	आवेदन फॉर्मेशन निर्धारित अन्तिम उम्र दिनांक 30.10.2026 को कम से कम तीन वर्ष पूर्ण की सम्पन्नता अवधि पूर्ण कर चुका हो।	1. सभी आवश्यक सूचनाओं पूर्वक सह-शैक्षिक आवासीय विद्यालय।
02	[illegible] वर्ष कोविड-19 से अनाथ हुये बच्चे जिनका पंजीयन हो प्रधान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) हेतु पात्र होंगे।	2. बालक एवं बालिकाओं के लिये पृथक-पृथक प्रावधान।
03	कक्षा-06 में प्रवेश के लिये अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01.05.2015 से पहले तथा 31.07.2017 (जिसने वर्ष तिथियाँ सम्मिलित हैं) के बाद की नहीं होनी चाहिए।	3. निःशुल्क पुस्तकालय सेवा, भोजन, पोशाक, छात्रावास एवं शयनेत्र की व्यवस्था।
04	कक्षा-09 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01.05.2012 से पहले तथा 31.07.2014 (जिसने वर्ष तिथियाँ सम्मिलित हैं) के बाद की नहीं होनी चाहिए।	4. बालक एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिये खेल एवं खुला आसमानी अभिलेखों का आयोजन।
05	कक्षा-09 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 2026-27 में कक्षा-08 में अध्ययनरत हो अर्थात कक्षा-08 उत्तीर्ण होना अनिवार्य तथा कक्षा-09 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 2026-27 में कक्षा-08 में अध्ययनरत हो अर्थात कक्षा-08 उत्तीर्ण होना चाहिए।	5. प्रतियोगी से परीक्षण, विद्यालय केन्द्रित एवं सुलभ के विशेष प्रबन्ध।
06	प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे ही पात्र होंगे।	6. बालक एवं बालिकाओं के लिये सीट का अनुपात 50:50 अनिवार्य आवश्यक।
07	चेतौवार आरक्षण नियमानुसार देय होगा।	**आवश्यक अभिलेख** 1. निर्धारित अर्हता होने की दशा में आवेदन ऑनलाइन निर्धारण अंकित जायें। 2. अनाथ होने की दशा में माता व पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र 3. अभ्यर्थी के जन्म प्रमाण पत्र की प्रति। 4. अभ्यर्थी के आधार कार्ड की प्रति। 5. आवास हेतु इच्छुक अभ्यर्थी के निवास प्रमाण पत्र की प्रति। 6. तीन पासपोर्ट साइज के फोटो।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि–05.01.2027 सायं 05 बजे तक

परीक्षा तिथि–31.01.2027 (रविवार)

कक्षा-06 (छ:) एवं 09 (नवम) हेतु परीक्षा का समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक, दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु 60 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा।

नोट–प्रवेश परीक्षा गोरखपुर मण्डल के डायट जनपदों गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया महराजगंज में सम्पन्न होगी। प्रवेश परीक्षा केन्द्र का स्थान प्रवेश पत्र के माध्यम से अवगत कराया जायेगा।

प्रवेश पत्र प्रवेश परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व अन विद्यालय के जनपदीय कार्यालय से अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दिये जायेंगे। इसे upbsocw.in के वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

कक्षा-06 हेतु प्रवेश अभ्यर्थी-01 के अनुसार और कक्षा-09 हेतु प्रवेश अभ्यर्थी-02 अनुसार होगी।

कक्षा-06 (छ:) हेतु प्रवेश पत्र प्रणाली

खण्ड	टेस्ट का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	समय
I	मानसिक क्षमता परीक्षण	40	50	60 मिनट
II	अंकगणित परीक्षण	20	25	30 मिनट
III	भाषा परीक्षण	20	25	30 मिनट
	योग	80	100	2 घण्टे

कक्षा-09 (नवम) हेतु प्रवेश पत्र प्रणाली

खण्ड	टेस्ट का प्रकार	अंक	समय
I	अंग्रेजी	15	02 घंटे।
II	हिन्दी	15	
III	गणित	35	
IV	विज्ञान	35	
	कुल	100	

किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु दूरभाष एवं ई-मेल प्रकाश है। गोरखपुर जनपद [illegible] (मुख्य केन्द्र), महराजगंज जनपद [illegible] (प्रवेश सुलभ), देवरिया जनपद [illegible] (जिला निवास), कुशीनगर, जनपद [illegible] (मुख्य पथ) एवं [illegible] (बेसिक सुलभ) एवं अटल आवासीय विद्यालय, सहजनवाँ कार्यालय [illegible] है।

प्राचार्य
अटल आवासीय विद्यालय,
सहजनवाँ, गोरखपुर

जिला अधिकारी
गोरखपुर मंडल, गोरखपुर

मण्डल आयुक्त
गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

पत्रांक–[illegible]/जि.नि.प्रो.–2026/दिनांक–19/11/26

Scanned with OKEN Scanner